हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

अधेड़ का शव मिला, हत्या की आशंका, सिर पर चोट के निशान



मण्डला। मंडला के बिछिया थाना क्षेत्र के सिझौरा स्थित फोक चौराहे पर गुरुवार को राजेश उर्फ राजू यादव (50) का शव संदिग्ध हालत में मिला। मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। पुलिस को हत्या की आशंका है। मौके की जांच के दौरान पुलिस ने आशंका जताई कि हत्या कहीं और कर शव यहां फेंका गया है। सूचना पर एसपी राजेश रघुवंशी और एसडीओपी सौरभ तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से सबूत जुटाए गए। राजू यादव को आखिरी बार 19 अक्टूबर की शाम देखा गया था। वह दो-तीन दिन से लापता थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक रात में गांव के एक व्यक्ति के साथ शराब पी रहा था। पुलिस ने उस संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसपी राजेश रघुवंशी के मुताबिक, शव के सिर पर चोट का निशान है और चोट से ही मौत होने की आशंका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चलने की उम्मीद है। पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।



यात्रियों की समस्याओं और रेल सुविधाओं के विस्तार पर हुई चर्चा

अधिकारियों और सदस्यों तक सीमित रहा संवाद

*** मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुआ 'रेल जनसंवाद' कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

रेल सुविधाओं को लेकर सरकार लगातार संजीदा है और यही कारण है कि बदलते समय के साथ-साथ न केवल रेल नेटवर्क का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है बल्कि रेल्वे स्टेशनों की दशा एवं दिशा भी बदली है इन परिवर्तनों का लोगों कितना लाभ मिल पा रहा है और इसके अलावा वे कौन सी सुविधायें हैं जिनकी आज भी रेल्वे यात्री अपेक्षा करते हैं इसको लेकर सरकार ने कल रेल संवाद जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया यह आयोजन रेल्वे स्टेशनों पर किये गये जहां रेल्वे यात्रियों से रेल सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई और अमृत भारत स्टेशन के कार्यों की उन्हें जानकारी दी गई।

मण्डला फोर्ट स्टेशन में भी इस तरह का आयोजन हुआ लेकिन यहां रेल्वे के अधिकारी स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य एवं रेल विकास समिति के सदस्य ही मौजूद रहे यात्रियों का न होना निश्चित रूप से सरकार के मंशा की उपेक्षा करना रहा। क्या बेहतर होता कि रेल प्रबंधन या समिति की ओर से और भी लोगों को इस संवाद शामिल किया जाता मीडिया को भी इसकी जानकारी दी जाती है ताकि रेल सुविधाओं के नाम पर हमेंशा से मण्डला के साथ जो सौतेला व्यवहार हो रहा है उस पर व्यापक चर्चा होती और शायद रेल्वे विकास का कोई नया प्लान जन्म ले पाता।



एक ओर तो दूसरे जिलों को तीसरी और चौथी रेल्वे लाईन तोहफे में दी जा रही है लेकिन मण्डला फोर्ट मण्डला से आगे के संपर्क की रेल लाईन के लिये वर्षों से तरस रहा है एक समय भौगोलिक रूप से यह स्टेशन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था लेकिन आज के विकासवादी इस युग में मण्डला को छत्तीसगढ़ से न जोड़ा जाना समझ से परे है आखिर वह कौन सा कारण है कि इस 100 किलोमीटर की रेल लाईन के लिये मण्डला लोग लालायित है लेकिन न तो राजनैतिक रसूख और न ही प्रशासनिक क्षमता इस पर कोई काम कर पा रही है और समिति सिर्फ आंदोलन की बात तक ही सीमित रह पाई है।

भारतीय रेल के विशेष अभियान-6 के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR), नागपुर मंडल द्वारा मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर आज 'रेल जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों, रेल विकास समिति मंडला के पदाधिकारियों, नागरिकों, रेल यात्रियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्टेशन की वर्तमान सुविधाओं, यात्री समस्याओं और भविष्य में रेल सेवाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम का संचालन स्टेशन प्रबंधक आर.के. श्रीवास्तव एवं विनय सिन्हा द्वारा किया गया। प्रारंभ में आर.के. श्रीवास्तव ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हुए विकास कार्यों तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात समिति के सदस्यों एवं उपस्थित यात्रियों ने अपनी समस्याएं, आवश्यकताएं और सुझाव रखे। रेल अधिकारियों ने यात्रियों एवं नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और शिकायतों को सुना। साथ ही स्टेशन पर स्वच्छता, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा व्यवस्थाओं में सुधार पर भी चर्चा की गई।

जनसंवाद के दौरान रेल विकास समिति मंडला ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन को एक सुविधायुक्त एवं विकसित टर्मिनल स्टेशन के रूप में तैयार करने तथा मंडला एवं डिंडोरी जिले की रेल कनेक्टिविटी बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

रेल विकास समिति ने सौंपा ज्ञापन

जनसंवाद के दौरान रेल विकास समिति मंडला की ओर से स्टेशन प्रबंधक को मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर मंडल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गईं- पेंचवैली एक्सप्रेस (19343/19344) का नैनपुर से मंडला फोर्ट तक विस्तार किया जाए। मंडला फोर्ट से नागपुर के लिए दैनिक ट्रेन सेवा प्रारंभ की जाए। छिंदवाड़ा–नैनपुर पैसेंजर (58825/58826) का मंडला फोर्ट तक विस्तार किया जाए। मंडला फोर्ट स्टेशन पर ट्रेनों में पानी भरने (Watering) की व्यवस्था शीघ्र शुरू की जाए। मंडला फोर्ट स्टेशन का टर्मिनल के रूप में समुचित विकास कर ट्रेनों के संचालन एवं विस्तार हेतु आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

समिति का कहना है कि मंडला फोर्ट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और रेल सेवाओं का विस्तार होने से मंडला एवं डिंडोरी जिले के नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा नौकरीपेशा यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही, क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी बेहतर होने से स्थानीय व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्यक्रम में स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य विवेक अग्निहोत्री, सुधीर कसर, नीरज कंडा एवं श्रीमती रेणुका परमार उपस्थित रहे।

रेल विकास समिति मंडला की ओर से अध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, प्रियांशु जोशी, अभिजीत सोनवानी, अखिलेश सोनी एवं आयुष चौरसिया सहित अन्य सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

जनसंवाद के माध्यम से यात्रियों की समस्याओं और सुझावों को संबंधित रेल अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। रेल विकास समिति मंडला ने आशा व्यक्त की कि प्रस्तुत मांगों पर रेलवे प्रशासन प्राथमिकता से विचार करेगा और मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार तथा रेल सेवाओं के विस्तार की दिशा में शीघ्र सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

नगर के मुक्ति मार्ग में महाकाली दरबार में किया गया गया सुहागले पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

नगर के वार्ड नंबर 2, मुक्ति मार्ग में स्थित माता महाकालीका उत्सव समिति के दरबार में नवरात्रि का उत्साह चरम पर है। यहाँ पिछले 12 वर्षों से लगातार माता महाकाली की भव्य मूर्ति की स्थापना की जा रही है। समिति की विशेष परंपरा के अनुसार माता की मूर्ति का विसर्जन नवरात्रि के तुरंत बाद नहीं, बल्कि शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर किया जाता है, जिससे भक्तों को लंबे समय तक माता के दर्शन और सेवा का सौभाग्य प्राप्त होता है। उत्सव के प्रथम दिवस से ही समिति द्वारा प्रतिदिन नित नए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज 12वें दिवस पर विशेष सुहागले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माताओं-बहनों द्वारा गरबा कलश पूजन से हुई। कलश पूजन के पश्चात सभी महिलाओं ने माता के दरबार में भक्तिमय गरबा नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गरबा के पश्चात मुख्य कार्यक्रम सुहागले का शुभारंभ हुआ। विधि-विधान से माता महागौरी महाकालीका का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित 50 से अधिक सुहागिन महिलाओं ने सामूहिक रूप से माता को सुहाग सामग्री अर्पित कर अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद माँगा। पूजन के उपरांत महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि लता मिश्रा के द्वारा समस्त माता-बहनों को सुहाग की निशानी के रूप में चूड़ी, बिंदी, सिंदूर और माता का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान माता महाकाली का दरबार जयकारों से गूंजता रहा। उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी शरद पूर्णिमा तक इसी प्रकार भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी रहेंगे।



जन विश्वास अभियान के दौरान सभी अधिकारी फील्ड में रहकर जन समस्याओं का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रारंभ किया गया अभियान है। सरकार की प्राथमिकता वाले इस अभियान में सभी अधिकारियों को फील्ड में जाना ही है। सभी अधिकारी इस दिन फील्ड में रहकर अधिकतम जनसमस्याओं को मौके पर ही निराकृत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब वे बिना कोई सूचना दिए आकस्मिक रूप से किसी भी जिले में उतरकर वहां जन विश्वास अभियान में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन जिलों में जनसमस्याओं की लंबित स्थिति बनी हुई है, वे कलेक्टर्स विशेष प्रयास कर लंबित प्रकरणों को न्यूनतम स्थिति में लेकर आएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, एसपी-आईजी की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन विश्वास अभियान अंतर्गत सीएम हेल्प लाईन में सर्वाधिक लंबित शिकायतों वाले विभागों क्रमशः राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, पीएचई के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल विभागीय स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व से सम्मान, निरूशुल्क रजिस्ट्री के महा अभियान की भी समीक्षा की। बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत 21 अक्टूबर 2026 की स्थिति में कुल 49 लाख 48 हजार 980 प्लाट्स की निःशुल्क रजिस्ट्री के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 1 लाख 60 हजार 230 निःशुल्क रजिसट्रियां की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रजिस्ट्रेशन के अनुसार शीर्ष 3 उप-पंजीयकों क्रमशः राजेश तिवारी (तहसीलदार रीवा), संजय मसराम (तहसीलदार छिन्दवाड़ा) एवं रणजीत कुशवाह (तहसीलदार शिवपुरी) को बधाई दी। रजिस्ट्रेशन के अनुसार शीर्ष 3 पटवारियों क्रमशः जीतेंद्र शुक्ला (केवलारी सिवनी), वीरेंद्र सिंह नरवरिया (मुंगावली, अशोकनगर) और रूप सिंह यादव (डबरा, ग्वालियर) की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शून्य प्रगति वाले हल्कों की जानकारी मिलने पर रीवा, शहडोल एवं धार जिला कलेक्टर को तत्काल प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य सचिव बर्णवाल ने स्वामित्व योजना में न्यूनतम प्रगति वाले 10 जिलों के कलेक्टर्स पर सख्त नाराजगी व्यक्त कर फौरन सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन पटवारी हलकों में काम शुरू नहीं हुआ है, वहां तत्काल काम प्रारंभ कराएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के 12 जिलों में अल्प वर्षा की जानकारी मिली है। संबंधित कलेक्टर्स यहां खेती-किसानी, पेयजल, सिंचाई एवं अन्य प्रबंधन के लिए तत्काल विशेष कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि इन जिलों के जिन क्षेत्रों में न्यूनतम वर्षा हुई वहां विशेष ध्यान दें। बताया गया कि मध्यप्रदेश में सामान्य वर्षा 949 मिलीमीटर है, जबकि इस साल वास्तविक वर्षा 908.4 मिलीमीटर हुई है। इसमें 4 प्रतिशत का अंतर है।

भुआबिछिया में देर रात तक चलता रहा माता का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

नगर में नो दिवसीय दुर्गोत्सव पर्व का समापन के पश्चात लगातार विसर्जन का दौर चल रहा है,विगत दिवस नगर की सड़कों पर आतिश बाजी बैंड बाजो के साथ विशाल चल समारोह देर रात तक चला ओर देर रात्रि माता की आरती पूजा के साथ राम मंदिर परिसर एनीकेट ओर बांध, बिछिया तालाब में माता का विसर्जन उत्साह ओर धूम धाम से किया गया, मुक्ति मार्ग वार्ड नं 2 देवी महाकाली की की प्रतिमा का विसर्जन शरदपूर्णमा को किया जाएगा।



शस्त्र पूजन | दशहरा पर्व पर सनातन संस्कृति की रक्षा का लिया संकल्प।

विजयदशमी पर विहिप-बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन

*** महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए सक्षम बनाना संगठन का संकल्प।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



विजयदशमी के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञानदीप स्कूल परिसर में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में धर्म प्रसार क्षेत्रीय प्रमुख मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ ललित परिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान श्रीराम के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन के साथ किया गया यहां पर उपस्थित अतिथियों ने शस्त्र पूजन किया। श्रृद्धाभाव के साथ धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्यवक्ता ललित परिधि ने अपने संबोधन में सनातन धर्म भारतीय सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक मान्यताओं के संरक्षण पर विचार व्यक्त कि उन्होंने धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मुद्दों को लेकर भी तीखे अंदाज में अपनी बात रखी उन्होंने समाज को इन विषयों के प्रति जागरूक रहने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है बल्कि यह जीवन जीने की एक व्यापक पद्धति है जिसमें परिवार संस्कार नैतिकता कर्तव्य और सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण स्थान है। वहीं सह समरसता प्रमुख महाकौशल प्रांत श्रीमति वंदना अवस्थी ने कहा कि समाज के बीच जाकर भारतीय संस्कृति धार्मिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए युवाओं की भूमिका पर भी जोर देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और इतिहास की जानकारी देना आवश्यक है परिवार और समाज के स्तर पर संस्कारों को मजबूत करने से ही सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है भारतीय परंपराओं में शस्त्रों का पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। कार्यक्रम के दौरान विभाग संयोजिका श्रीमति पूनम सोनी ने आदिशक्ति, नारी शक्ति और महिलाओं की एकजुटता के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, साहस और सृजन का प्रतीक माना गया है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और उन्हें आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढना चाहिए। समाजसेवी सरपंच श्रृद्धा उइके ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अत्याचारों और अन्याय से बचाव के संदर्भ में आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए सक्षम बनने तथा आवश्यकता पडने पर आत्मरक्षा के लिए शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण लेने की सलाह दी। उनके संदेश का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं में साहस आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना रहा उन्होंने आदिशक्ति की आराधना और शस्त्र पूजन की परंपरा का उल्लेख करते हुए नारी शक्ति की एकता को समाज की मजबूती का आधार बताया कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज फागवानी ने अपने संबोधन में शस्त्र पूजन के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को रेखांकित किया उन्होंने कहा कि शस्त्र हमारी आस्था और संस्कृति का आधार हैं। भारतीय परंपरा में शक्ति की आराधना के साथ धर्म, न्याय और कर्तव्य के पालन का संदेश निहित है उन्होंने कहा कि बच्चों को सनातन संस्कृति भारतीय सभ्यता और पारंपरिक मूल्यों की शिक्षा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

नगर में गूंजे माता रानी के जयकारे, भव्य शोभायात्रा के साथ हुई माताराणी की विदाई

*** सिंधु नवयुवक मंडल द्वारा स्थापित प्रतिमा का निकला चल समारोह, भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



सिंधु नवयुवक मंडल द्वारा स्थापित मां जगत जननी की प्रतिमा का भव्य शोभायात्रा के साथ चल समारोह निकाला गया। माता रानी की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। शोभायात्रा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ हुई। इसमें बैंड-बाजे, धमाल और महादेव की भव्य सवारी आकर्षण का केंद्र रही। आकर्षक वेशभूषा में सजी शैतानों की टोली ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।नगर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा में माता रानी के लोकप्रिय भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने डांडिया, नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।शोभायात्रा नावघाट स्थित विसर्जन स्थल पहुंची, जहां नम आंखों से माता रानी को विदाई दी गई। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की आस्था, उत्साह और भक्ति का संगम देखने को मिला।



लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा नगर में देवी प्रतिमाओं के साथ जवारे विसर्जनों का सिलसिला

देवी पंडालों में कन्या पूजन से लेकर भोज के आयोजन





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नवरात्र उत्सव हो या फिर गणेश उत्सव के दौरान आयोजित होने वाली शांति समिति की बैठकों के दौरान अधिकारियों द्वारा धार्मिक आयोजन के दौरान सुचारू व्यवस्थाये बनाने के साथ साथ विसर्जन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश जारी किये जाते है। वही अधिकारियों द्वारा हर साल समितियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा जाता है कि वह स्थापित की जाने वाली प्रतिमाओं का विसर्जन एक नही तो दो दिनों के अंदर पूर्णरूप से कर देवे। मगर अधिकारियों द्वारा हर साल किये जाने वाला प्रयास पता नही क्यों सफल नही हो पाता है और नगर में लगातार तीन से चार दिनों तक प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहने के चलते व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों सहित कर्मचारियों को परेशान होते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस साल भी देखने मिल रही है। बताया जाता है कि नगर में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन लगातार तीसरे दिवस भी जारी रहा तथा अनेक जगहों पर देवी पंड़ालो में कन्या भोज सहित अन्य प्रकार के आयोजन होते हुये देखे गये। यह बात जरूर है कि इस वर्ष शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से डीजे को लेकर लिया गया निर्णय का जरूर पालन होते हुये देखा गया है। क्योंकि टीआई अशोक सिंह चौहान द्वारा बैठक के दौरान खुले शब्दों में आदेश दिया गया था कि यदि किसी भी तरह से डीजे बजते हुये पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। इसी के चलते इस वर्ष पूर्णरूप से डीजे प्रतिबंधित नजर आया है जिसकी लोगों द्वारा खुद दिल से सराहना की जा रही है। नगर में जारी माँ जगत जननी की प्रतिमाओं के विसर्जन के क्रम के बीच बीते हुये गुरूवार की शाम नगर में अनेक जगहों पर स्थापित की गई देवी प्रतिमाओं का बडे धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा में स्थापित की गई माँ काली की विशाल प्रतिमा का भी तीसरे दिन बडे ही धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। इस तरह जब मातारानी की बिदाई के लिये उन्हें सुसज्जित ट्रेक्टर ट्राली पर बैठाते हुये यह गीत शुरू किया कि माँ का यहां पर तो कुछ दिन का ही ठिकाना है..., इस गीत की धुन को सुनते हुये विदाई देने के लिये पहुंची अनेक महिलाओं द्वारा माताराानी से बिछड़ने के चलते आंखों में आंसू आने से नही चूक पाये..। इसी प्रकार का हाल विसर्जन के तीसरे दिवस यानि की गुरूवार को भी देखने मिला। नगर में अनेक जगहों पर स्थापित की गई दुर्गाजी की प्रतिमाओं सहित जबरों का विसर्जन लोगों द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ करते हुये शहर के मुख्य मार्गो से विसर्जन जुलूस निकाले गये। जबारों के साथ चल रहे पंड़ाओं द्वारा भाव आने के दौरान अपने कालों से त्रिशूल आरपार करते हुये माँ की शक्ति की सच्चाई का प्रदर्शन किया गया।



सांगई में बैगलेस दिवस के अवसर पर आयोजित किया कन्या पूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शनिवार को जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला की बालसभा में नवरात्रि के अवसर पर स्कूल स्टॉफ के शिक्षकों ने विद्यालय व आँगनबाड़ी की देवी स्वरुप कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान पुष्प वर्षा के साथ तिलक लगाकर कन्याओ को चुनरी, रूमाल, बिंदी, रबर बेंड व फल केला भेंट करते हुए उनका पूजन करते हुये आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बैगलेस डे मनाया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने नवरात्रि के आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाये एवं उनका प्रदर्शन किया। बालसभा में छात्राओं ने माताराानी की आराधना में गीत भी सुनाये। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने कहा कि नवरात्रि में हमारे विद्यालय की कन्याओ का पूजन करने के उपरांत असीम प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है। इस अवसर पर प्रधान पाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव, राधा बाई कहार व छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते दीवाली की तैयारियाँ पड़ रही भारी, घरों की पुताई सामग्री के भाव आसमान पर होने से गरीब व मध्यम वर्ग के लिये मध्यम वर्ग लिये घरों का रंग रोगन कराना हुआ मुश्किल...?







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हर साल देखा जाता है कि दशहरा पर्व समाप्त होते ही दीपावली त्यौहार की तैयारियों को लेकर शहर का बाजार सजने लगता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी दिखाई देने लगा है और लोग अब अपने घरों की पुताई सफाई की तैयारियों की ओर अग्रसर होते हुये दिखाई दे रहे है। मगर दूसरी ओर देखा जा रहा है कि जनता के पैसा का दुरूपयोग करते हुये फ्री की रेवडी बाटने के चक्कर में लगातार महंगाई में हो रहे इजाफा के चलते बाजार में हर सामग्री के भाव सातवे आसमान में दिखाई देने से नही चूक रहे है। आलम यह है कि भीषण महंगाई के चल रहे दौर में लोगों के लिए अपने घरों की पुताई, मरम्मत कराने के साथ गरीबों को अपने आशियाने ठीक करना मुश्किल हो रहा है। हालत यह है कि महंगी सीमेन्ट, रेत बिकने से आमजन परेशान हो रहे है और उन्हें घरों का रंग रोगन कराने के लिए परेशान होने मजबूर होना पड़ रहा है। इन दिनों वैसे ही मंहगाई अपना बिकराल रूप धारण किये हुई है। इस समय बाजार में रंग, पेन्ट, बार्निश, डिस्टेम्पर कीमतो पर असर डालने से नही चूक पा रहा है। पुताई सामग्री की कीमतों में बढ़ोत्तरी होने से हर सामग्री लगभग 20 से 30 प्रतिशत उछाल आया है। इस स्थिति के चलते विशेष तौर से गरीब व मध्यमवर्गीय लोग अपने घरों को संवारने की चाहत रखने वाले अपने घरों के बजट में कटौती करने के लिये मजबूर देखे जा रहे है। इस प्रकार कई तरह की समस्याओं का सामना करते हुए अपने घर में लक्ष्मी जी के कदम पड़ने की आशा में लोग घरों का रूप रंग निखारने में जुटे हुए तो देखे जा रहे है। लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते हर साल अपनी घरों की पुताई में इतना खर्च नही कर पाने के कारण अब वह एक वर्ष के अंतराल से पुताई कराने की सोच बनने मजबूर हो रहे है..? दीवाली की तैयारियों को लेकर इन दिनों लोग अपने घरों की पुताई, दरबाजो, खिडकियों में पेन्ट करने वाले मजदूरों की कमी होने से शहरवासियों को सुबह, शाम मजदूरों को तलाशने भटकना पड़ रहा है। नगर की पुराना गल्ला मंडी, झंडाचौक पर काम की तलाश में आये मजदूर महंगाई का हवाला देकर मुंह मांगे पैसों से काम करने मुश्किल से तैयार हो रहे है। ऐसे में नगर के गरीब व मध्यमवर्गीय, गरीबों को अधिकतर लोगों की पुताई नही हो पा रही है। रंग पेन्ट के विक्रेताओं का कहना है कि चूने को छोड इस साल निश्चित ही रंग पेन्टो पर विकराल मंहगाई की छाया पड़ गई है। देखा जावे तो किसी भी प्रकार से लोग अपने घरों की रंग पुताई कराने से तो नही चूक रहे है जिसके चलते इस समय बाजार में रंग पेन्ट की दुकानों पर लोगों का भीड़ देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर रंगों की अनेक प्रकार की बैरायटी के चक्कर में भी आमजन की जेबे खाली हो रही है। क्योंकि सुरसा की तरह मुंह बढ़ाते हुये महंगाई लोगों को अपने घरों की पुताई करना एक शादी समारोह को संपन्न कराने के समान जान पड़ रहा है। इस तरह घरों की पुताई करने के लिए लोग अनुभवी मजदूरों की खोज में इतने परेशान होते हुए देखे जा रहे है। क्योंकि लोगों को इस बात की चिंता भी सताती रहती है कि जब कोई मजदूर बिल्डिंग या फिर दीवार पर चढ़कर कार्य करता है तो उसकी जान के लिए खतरा भी बना रहता है..? इस स्थिति में अनुभवी कार्य करने बाले मजदूरों के रेट भी सातवे आसमान पर पहुंचने से नही चूक पा रहे है..? इस प्रकार से शहर में चल रहे पुताई के कार्य के चलते अनेक मजदूरों को अपने बच्चों का पेट भरने के लिए पूर्णरूप से अपनी जान को जोखिम में डालकर काम करते हुए देखा जा रहा है। इस स्थिति में मजदूरों से चर्चा की गई तो उनका कहना रहता है कि बड़ी बिल्डिंगों की पुताई का कार्य वह इस स्थिति में लेते है कि उन्हें उससे अच्छा पैसा मिल जाता है। यह बात सत्य है कि जब बड़ी बिल्डिंगों पर कार्य करते है तो जान के लिए खतरा बना रहता है..? क्योंकि अधिकांश जहां खुले मैदान में तो होती नही है उनके ऊपर रस्सी का झूला डालकर ही काम करना पड़ता है। इस स्थिति में निश्चित तौर से जान के लिए खतरा रहता है। वैसे भी शहर में देखा जावे तो जहां तहां फैली हुई बिजली लाईनों का भी भय सतता रहता है। क्योंकि बिजली न तो किसी गरीब की मजबूरी को समझती है और न ही किसी असरदार के प्रभाव को और इस स्थिति में जरा सी चूक मजदूर की जिन्दगी को दाव पर लग सकती है। मगर क्या करे अपने व बच्चों के पेट की खातिर इस प्रकार से जिन्दगी दांव पर लगाकर काम करने के लिए मजबूर तो होना ही पड़ता है? वही कुछ मजदूरों द्वारा अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिस प्रकार से वह दिन भर अपनी जान को हथैली पर रखकर कार्य करते है। मगर इस मजबूरी को धनवान मालिक कभी नही समझते है उन्हें तो सिर्फ काम अच्छा चाहिए इसके बाद जब काम के बदले पैसा लेने की नौबत आती है तो अनेक बडे लोगों द्वारा तुरंत पैसा देने की जगह कई दिनों तक चक्कर लगवाने से भी नही चूकते है। इसके साथ साथ काम करते वक्त यदि उनके किसी समान को चूक बस कोई क्षति पहुंच जाती है तो उसका पैसा काटने से भी पीछे नही रहते है? माध्यमवर्गीय लोग तो काम के बदले में पैसा देने में उतना परेशान नही करते है। मगर धनवानों की महिमा तो भगवान ही नही समझ पाता है। इतना ही नही अधिकांश धनवान लोग बाजार से जब हम लोगों से जो रेट तय करके लाते है काम के बाद उसमें भी कटौती करने की बात करने में नही चूकते है? इस स्थिति में हम लोगों द्वारा किसी धनवान के घर काम करने जाने के पहले यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते है कि क्या पता काम करने के बाद पैसा कितने दिन में और पूरा मिल पायेगा कि नही..?

आज शाम चार बजे नगर के रूद्र मैदान पर होगा रंगारंग कार्यक्रम के साथ 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।







नगर में लगतार तीसरे वर्ष आयोजित होने आयोजित होने जा रहे शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर नगर में काफी उत्साह देखने मिल रहा है। ज्ञात हो कि पहले वर्ष जहां कबड्डी का आयोजन हुआ था तो दूसरे वर्ष व्हालीवाल तथा इस वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन से निश्चित नगर का गौरव बढ़ने से नही चूकेगा। क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से सत्र 2026-27 के खेल कैलेंडर के तहत नगर में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक होने जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज शाम 4 बजे रंगारंग आयोजन के साथ होगा। बताया जाता है कि 19 वर्ष बालक वर्ग के लिए आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन, शहडोल एवं जनजातीय कार्य विभाग सहित कुल 10 संभागों के लगभग 160 खिलाड़ी एवं 30 ऑफिशियल्स भाग लेंगे। प्रतियोगिता के मैच नगर के रूद्र मैदान यानि की पुराने कालेज खेल मैदान सहित चीचली, अशासकीय बाल भारती स्कूल एनटीपीसी एवं शासकीय राघव कृषि उमा विद्यालय बोहानी के खेल मैदानो आयोजित होगे जहां से अलग अलग संभागों से आने वाली टीमों के खिलाड़ी अपने खेलों का प्रदर्शन करेगे। आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। वही दूसरी ओर बीते हुये गुरुवार को नगर के आदर्श स्कूल में विभिन्न समितियों के सदस्यों की आवश्यक बैठक हुई जिसमे अधिकारियो ने व्यवस्थाओं को लेकर जरूर निर्देश देकर सभी से अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वाहन करने आदेश जारी किये गये है। वही गुरूवार को दोपहर के समय एसडीएम श्रीमति प्रगति वर्मा ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे के आलवा प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक, जिला क्रीड़ा व कल्याण निरीक्षक जैन की उपस्थिति मे बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के रूकने के लिये आवास, मैस स्थलों, कंट्रोल रूम सहित खेल मैदानो का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश देते हुये कहा कि सभी जगहों पर बेहतर व्यवस्थाएं दी जावे जिससे कि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार से कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। क्योंकि बाहर से इस आयोजन में शामिल होने के लिये आने वाले खिलाड़ी व अधिकारी हमारे मेहमान है। वहीं शाम को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा ने भी खेल मैदान गाडरवारा पहुँचकर आयोजन की व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया।

यूडाइज पोर्टल प्रशिक्षण पर आयोजित कार्यशाला में दी गई जरूरी जानकारियां



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। स्थानीय कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र (समग्र शिक्षा अभियान) सांईखेड़ा द्वारा सत्र 2026-27 के लिए यूडाइज पोर्टल पर डाटा संकलन और इसके उपयोग से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बीते गुरुवार को पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय (बीटीआई) स्कूल में किया गया। बताया जाता है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोंगरे तथा विकासखंड स्रोत समन्वयक सांईखेड़ा संदीप स्थापक के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य राजेश दुबे के सहयोग से आयोजित कार्यशाला मे विकासखंड सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली समस्त शासकीय शालाओं के यूडाइज पोर्टल पर कार्य करने वाले शिक्षकों/ऑपरेटरों की उपस्थिति रही। वही आयोजित की गई इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर एमआईएस वेद प्रकाश राजपूत ने शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि यूडाइज पोर्टल में सभी प्रविष्टियाँ पूर्ण करना बेहद जरुरी है। इस पोर्टल में छात्र छात्राओं से संबंधित जानकारियां रहती है। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर सावधानी पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण के प्रथम सत्र मे शासकीय उ.मा.वि. आदर्श गाडरवारा, शासकीय उ.मा.वि. कन्या नवीन गाडरवारा, शासकीय उ.मा.वि. आमगांव छोटा तथा द्वितीय सत्र में शासकीय उ.मा.वि. पलोहा बड़ा, शासकीय उ.मा.वि. बम्होरी कला एवं शासकीय उ.मा.वि. बनवारी जनशिक्षा केंद्रों के शिक्षक/ऑपरेटर सहभागी रहे।

किताबी ज्ञान से आगे बढ़े विद्यार्थी, गन्ना अनुसंधान केन्द्र का कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।



शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित रहना नहीं है। बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है। इसी उद्देश्य को साकार करने की दिशा में गत दिवस सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया कला के विद्यार्थियों ने तीन दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के दौरान तकनीक, वैज्ञानिक कृषि और जैविक खेती की दुनिया को करीब से जाना। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन की नई शिक्षा नीति के अनुरूप संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के छात्र-छात्राओं को तीन अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का प्रयास किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मीना अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गाडरवारा स्थित भारत डिजिटल अकादमी कंप्यूटर सेंटर, बोहानी स्थित गन्ना अनुसंधान केंद्र तथा ग्राम दुधवारा के जैविक कृषक कृष्णकांत वर्मा के कृषि क्षेत्र का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक कंप्यूटर तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), गन्ने की विभिन्न किस्मों, कृषि अनुसंधान, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद और कृषि आधारित स्वरोजगार की संभावनाओं से परिचित कराया गया।

रायपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में देखने मिल रही गरबा की धूम



हरिभूमि न्यूज/चीचली। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में चीचली ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के समापन कार्यक्रम के अवसर पर बाल सभा के दौरान भव्य गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम कन्या पूजन के तहत 225 बेटियों का पूजन कर विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। ढोलक और गरबा गीतों की थाप पर विद्यार्थी थिरकते नजर आए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना रहा। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र सिंह कौरव ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। इस आयोजन में शामिल प्रतिभागी बच्चों और सहयोग करने वाले शिक्षकों की सराहना की जा रही है। इस दौरान विद्यालय परिसर को आकर्षक रंगोली, बंदनवार और तिरंगे पताकाओं से सजाया गया था। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 370 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। ज्ञात हो कि संस्था प्राचार्य गजेंद्र सिंह कौरव द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर किए जाने वाले अनेकानेक नवाचारों और सेवा , समर्पण ,संस्कार से युक्त अनवरत किए जाने वाले प्रयासों में इस दिव्य आयोजन को और जोड़कर हर संभव विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में बहुत ही उत्कृष्ट भूमिका का निर्वाह किया गया। कार्यक्रम का समापन माताराानी की आरती एवं प्रसाद भंडारे से हुआ।

खबर संक्षेप

भक्तिमय माहौल में माता रानी को दी विदाई, टिकरिया माल में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

शहपुरा। शहपुरा क्षेत्र के ग्राम टिकरिया माल में आज माता रानी का विसर्जन पूरे उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय माहौल रहा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर माता रानी की विदाई की। जुलूस में गांव के महिला-पुरुषों के साथ बच्चे और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। माता रानी के विसर्जन के अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए उत्साह के साथ आगे बढ़े। पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महिलाओं, बहनों और बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जुलूस में शामिल हुए और माता रानी को भावपूर्ण विदाई दी।इस आयोजन ने गांव में आपसी भाईचारे, एकता और धार्मिक आस्था की भावना को मजबूत किया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी से गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सभी के कल्याण की कामना की।माता रानी की विदाई के साथ गांव में अगले वर्ष फिर से उनके आगमन की प्रतीक्षा का भाव दिखाई दिया। जय माता दी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी।

अमरकंटक में मारपीट की दो घटनाएं, पुलिस ने दर्ज किए अलग-अलग अपराध

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में 21 अक्टूबर 2026 को मारपीट की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। पहली घटना नर्मदा मंदिर के समीप नारियल-प्रसाद की दुकान के सामने चंदन-टीका लगाने को लेकर हुए विवाद से संबंधित है। वहीं दूसरी घटना दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति कुटी के सामने नाच-गाने के बीच धक्का देने की बात को लेकर हुई। दोनों मामलों में फरियादियों की शिकायत पर अमरकंटक पुलिस ने अलग-अलग अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर को नर्मदा मंदिर के समीप नारियल-प्रसाद की दुकान संचालित करने वाले शेषनारायण चंद्रवंशी की दुकान के सामने चंदन-टीका लगाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान फरियादी संतोष प्रसाद, पिता छोटा चंद्रवंशी, के साथ मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना के बाद संतोष प्रसाद ने अमरकंटक पुलिस थाने पहुंचकर शेषनारायण चंद्रवंशी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 184/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।दूसरी घटना 21 अक्टूबर की मध्यरात्रि लगभग 12:30 बजे की बताई गई है। जानकारी के अनुसार, फरियादी घनश्याम बघेल, पिता संतोष बघेल, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति कुटी के सामने चल रहे नाच-गाने के कार्यक्रम में शामिल थे। इसी दौरान धक्का देने की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस विवाद में दुगल डोंगरे, आकाश डोंगरे एवं विकास डोंगरे, तीनों भाइयों ने घनश्याम बघेल के साथ मारपीट की। घटना के बाद घनश्याम बघेल ने अमरकंटक थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 185/26 के तहत बीएनएस की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। अमरकंटक में एक ही दिन सामने आई मारपीट की दोनों घटनाओं में पुलिस ने फरियादियों की शिकायत पर अलग-अलग अपराध दर्ज किए हैं। फिलहाल दोनों मामलों में विवेचना जारी है। पुलिस जांच के बाद घटनाओं से संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों की स्थिति स्पष्ट होगी।

गर्भवती महिला की जानकारी नहीं होना गंभीर लापरवाही, जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी के निर्देश



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचना चाहिए। कार्यों में लापरवाही और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के जिला तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी अनिवार्य

कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने निर्देश दिए कि जिले में कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन से वंचित न रहे। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, निर्धारित टीकाकरण तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एनीमिया की जांच एवं उपचार के साथ गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा।कलेक्टर ने कहा कि गर्भावस्था की अवधि नौ माह होती है। ऐसे में नौ माह की गर्भवती महिला की जानकारी नहीं होना गंभीर लापरवाही है। समय पर निगरानी और स्वास्थ्य परीक्षण से संभावित जटिलताओं की पहचान कर महिला को उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं आयोजित करने तथा कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर वेतन रोकने संबंधी प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में लापरवाही पर कार्रवाई

कलेक्टर ने टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए शेष बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण अभियान चलाकर पूरा कराने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा बच्चों की उपस्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और पोषण व्यवस्था की सतत निगरानी के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में निर्धारित मीनू के अनुसार पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए। बच्चों के पोषण स्तर की नियमित जांच कर कुपोषित बच्चों को समय पर आवश्यक उपचार एवं पोषण प्रबंधन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण और निगरानी में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय



करते हुए निलंबन के प्रस्ताव सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि यदि किसी गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचने के लिए शासकीय वाहन उपलब्ध नहीं हो पाता है, तो आशा कार्यकर्ता के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारी को सूचित कर निजी वाहन से अस्पताल पहुंचने पर नियमानुसार एक हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।कलेक्टर ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए टीबी मरीजों की समय पर जांच, उपचार एवं पोषण सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा पोषण पुनर्वास केंद्र की गतिविधियों की समीक्षा की गई। उन्होंने चिन्हित बच्चों का समय पर उपचार कराने और आवश्यकता के अनुसार उन्हें उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने को कहा।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को विकासखंड स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने, योजनाओं की प्रगति की निगरानी करने और निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

भक्तिमय माहौल में माता रानी को दी विदाई, टिकरिया माल में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



शहपुरा- शहपुरा क्षेत्र के ग्राम टिकरिया माल में आज माता रानी का विसर्जन पूरे उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय माहौल रहा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर माता रानी की विदाई की। जुलूस में गांव के महिला-पुरुषों के साथ बच्चे और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। माता रानी के विसर्जन के अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए उत्साह के साथ आगे बढ़े। पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महिलाओं, बहनों और बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जुलूस में शामिल हुए और माता रानी को भावपूर्ण विदाई दी।इस आयोजन ने गांव में आपसी भाईचारे, एकता और धार्मिक आस्था की भावना को मजबूत किया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी से गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सभी के कल्याण की कामना की।माता रानी की विदाई के साथ गांव में अगले वर्ष फिर से उनके आगमन की प्रतीक्षा का भाव दिखाई दिया। जय माता दी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी।





सिविल अस्पताल भवन का एसडीएम ने किया निरीक्षण

मनमाने ढंग से चल रहे कार्य को रुकवाया

शहपुरा। गुरुवार के दिन एसडीएम शहपुरा फरहान इरफान जमादार ने सिविल हॉस्पिटल शहपुरा की बन रही बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया जिसमें खामिया देखकर एसडीएम भड़क गए और मौके में मौजूद ठेकेदार के उपयंत्री को जमकर फटकार लगाया ,मामले में हम बता दे कि 30 विस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा भवन का निर्माण लागत लगभग 11 करोड़ से चल रहा है जिसकी कार्य एजेंसी कार्यपालक यंत्री भवन लोक निर्माण विभाग डिंडोरी है इस भवन का निर्माण कार्य 4. 11.26 को पूर्ण होना है जिसमें कार्य पूर्णता दिनांक से तीन वर्ष तक परफॉर्मेंस अवधि नियत है ,इस भवन का जब एसडीएम शहपुरा ने निरीक्षण किया तब पता चला कि उक्त भवन 50 बिस्तर का लगभग 11 करोड़ की लागत से स्वीकृत हुआ था परंतु जगह कम होने के चलते इसे 20 बिस्तर का बिना ड्राइंग व लागत के बदलाव किये ही कार्य किया जा रहा था, साथ ही पूरा भवन 50 बिस्तर का स्वीकृत हुआ था,कार्यस्थल पर 30 बिस्तर का बोर्ड लगा हुआ है व कार्य सिर्फ 20 बिस्तर का चल रहा है। जिसके बाद एसडीएम शहपुरा ने पूरी दस्तावेजी कार्यवाही पूर्ण किये जाने तक कार्य को बंद करने के निर्देश दिये। एसडीएम के निरीक्षण में एक बात और कि विभाग व ठेकेदार के द्वारा बिना बाउंड्री के एस्टिमेट और बिना स्वीकृति के पहले से बनी हुई बाउंड्री वाल के ऊपर दो फिट और 80 मीटर तक कार्य किया जा रहा जिनकी गुणवत्ता को लेकर भी प्रश्न खड़े हुए इसके बाद बाउंड्री वाल का काम भी एसडीएम शहपुरा के द्वारा रुकवाया गया।

स्वामित्व योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए पटवारी जितेन्द्र कुमार रजक सम्मानित



डिंडौरी। स्वामित्व योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर समनापुर तहसील में पदस्थ पटवारी जितेन्द्र कुमार रजक को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने उन्हें फूलमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन भी उपस्थित रहे। पटवारी जितेन्द्र कुमार रजक ने अब तक कुल 120 रजिस्ट्रियों का कार्य पूर्ण कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन को गति मिली है। साथ ही ग्रामीणों को उनकी संपत्ति से संबंधित अधिकार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रियता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने अन्य अधिकारी-कर्मचारियों से भी इसी तरह प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने तथा स्वामित्व योजना के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का आह्वान किया।पटवारी जितेन्द्र कुमार रजक की यह उपलब्धि राजस्व विभाग के मैदानी अमले के लिए प्रेरणादायी है। उनके उत्कृष्ट कार्य से योजना के तहत पंजीयन प्रक्रिया को गति देने के साथ ग्रामीणों को संपत्ति संबंधी अधिकार सुनिश्चित करने के प्रयासों को भी मजबूती मिली है।

एक सप्ताह बाद धिरौल पहुंचा तेलंगाना में मृत मजदूर का शव

शासन-प्रशासन के प्रयास से गांव लाया गया शव



25 वर्षीय सुदामा बैगा की मौत से परिवार में मातम

अनूपपुर। रोजगार की तलाश में तेलंगाना गए अनूपपुर जिले के धिरौल गांव के 25 वर्षीय मजदूर सुदामा बैगा की मौत के एक सप्ताह बाद उसका शव गुरुवार सुबह गृह ग्राम पहुंचा। तेलंगाना में काम के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाले युवक का शव गांव तक लाने के लिए ग्राम पंचायत के उपसरपंच प्रवीण सिंह ने पहल की। उनके प्रयासों के बाद जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, जिला प्रशासन और शासन स्तर पर संपर्क किया गया। इसके बाद शव को गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था हो सकी। गुरुवार दोपहर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनूपपुर तहसील अंतर्गत ग्राम धिरौल निवासी सुदामा बैगा पिता समयलाल बैगा पिछले दो वर्षों से तेलंगाना में रहकर एक कंपनी में मजदूरी कर रहा था। वह समय-समय पर तीज-त्योहारों पर अपने परिवार से मिलने गांव आता था। करीब एक सप्ताह पूर्व कंपनी में काम के दौरान अचानक गिरने से लोहे की रॉड उसके शरीर में घुस गई। हादसे के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

उपसरपंच की पहल पर शासन-प्रशासन तक पहुंचा मामला

दूसरे राज्य में मजदूरी करने गए युवक की मौत की जानकारी वहां काम कर रहे क्षेत्र के दो अन्य ग्रामीणों ने अपने गांव पहुंचकर ग्राम पंचायत के उपसरपंच प्रवीण सिंह को दी।

20 सूत्रीय मांगों पर 26 अक्टूबर तक कार्रवाई की चेतावनी आदिवासी कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, 27 को धरना-प्रदर्शन

वर्षों से अधूरी सड़कों और बिजली-पानी की समस्याओं पर उठाए सवाल

अनूपपुर। पुष्पराजगढ़ में वर्षों से अधूरी पड़ी सड़कें, बंद नल-जल योजनाएं, अघोषित बिजली कटौती और अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए 20 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए 26 अक्टूबर तक कार्रवाई की समय-सीमा तय की है। मांगों का निराकरण नहीं होने पर 27 अक्टूबर को धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह मार्को के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय दंडाधिकारी, पुष्पराजगढ़ को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण की मांग की। संगठन का कहना है कि आदिवासी बाहुल्य पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई स्वीकृत निर्माण कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहे हैं, जबकि कुछ कार्य स्वीकृति और टेंडर होने के बावजूद शुरू नहीं किए गए हैं। इससे क्षेत्र के विकास को लेकर शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



आठ साल से निर्माणाधीन सड़क, दस साल पहले हुआ टेंडर- ज्ञापन में सड़क निर्माण में हो रही देरी को प्रमुखता से उठाया गया है। पटना, करपा, सरई और केलमनिया मार्ग आठ वर्षों से निर्माणाधीन होने का उल्लेख करते हुए इसका काम शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई है। वहीं, लखौरा से बोदा पहुंच मार्ग का टेंडर दस वर्ष पहले होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने का मुद्दा उठाया गया है। इसके अलावा लालपुर विश्वविद्यालय से करंगरा घाट होते हुए छत्तीसगढ़ तक, लीलाटोला-मेढ़ाखार-करपा, जैतहरी-शिवनी से मानिकपुर-वेंकटनगर, तुलरा मार्ग, अमदरी से मझौली तथा लेढ़रा मुख्य मार्ग से चिल्हियामार-गोदा पहुंच मार्ग सहित स्वीकृत सड़कों का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई है। अमरकंटक मार्ग से बेनीबारी-दूधी तक सड़क की मरम्मत, हर्राटोला-फर्रीसेमर से नर्मदा नदी पुल तक करंजिया-डिंडौरी को जोड़ने वाले मार्ग को स्वीकृति देने तथा जरही से भालूचुआ घाट कटिंग सहित सड़क निर्माण की मांग भी रखी गई है। अहिरगवां से बड़ी तुम्मी तक सड़क के दोनों ओर लैंटाना उन्मूलन, पटरी भराई और मरम्मत कार्य कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

बिना कनेक्शन बिजली बिल और अघोषित कटौती पर नाराजगी- बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर संगठन ने बिना विद्युत कनेक्शन के भेजे जा रहे बिलों पर रोक लगाने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

12

जबलपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

राज सोनी गरबा ग्रुप ने हासिल किया प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपर। जवाहर काली मंडल समिति द्वारा आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता ग्रुप गरबा महोत्सव सुनका चैराहा गुदरी बाजार क्षेत्र में मंडल द्वारा नृत्य एवं गरबा प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न गीतों पर आकर्षक नृत्य एवं गरबा प्रस्तुतियां दीं। जवाहर काली मंडल और उत्साह से भरे माहौल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से राज सोनी गरबा ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों और आयोजन समिति द्वारा खूब सराहा गया। प्रतियोगिता के दौरान अन्य प्रतिभागियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि जवाहर काली मंडल के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर विजेता प्रतिभागी को सम्मानित किया गया।

निर्माण एजेंसियों की बैठक में दिए निर्देश

बीटी सड़क के शेष कार्य दिसंबर तक करें पूर्णः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले में चारों तरफ सड़कों की हालत खराब है। बरसात के दिनों मे आवागमन पर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा परन्तु प्रशासन के कानों में जूं नही रेंगी। लेकिन लंबे इंतजार के बाद प्रशासन जागृत नजर आया और लोगों को बेहतर आवागमन व्यवस्था को लेकर निर्माण एजेंसियों को निर्देश देकर शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। गत दिवस कलेक्टर द्वारा बैठक आयोजित कर निर्माण एजेंसियों तथा लोक निर्माण विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए है कि निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूरे किए जाए तथा आवागमन में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। अब देखना होगा कि कलेक्टर के निर्देशों को जिले में प्रशासनिक अधिकारी कितना मानते है।

निर्माण कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में सड़क निर्माण, सड़क सुधार एवं सेतु निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों की बेहतर स्थिति, सुरक्षित आवागमन और



निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करें। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग कार्यपालन यंत्री को सांकल रोड का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों के आसपास उगी झाड़ियों की कटाई कराई जाए, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी न हो और सड़क पर दृश्यता बनी रहे।

फोटों की जांच कर करें कार्रवाई

केरपानी-सरसला रोड पर मोड़ के पास सड़क में



हुए गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों से कहा कि जिन सड़कों पर बीटी (बिटुमिनस टॉपिंग) का कार्य शेष है, उन्हें दिसंबर माह तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने लोक पथ ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया, ताकि आम नागरिक सड़क संबंधी समस्याओं की जानकारी ऐप के माध्यम से दे सकें। उन्होंने कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि ऐप पर अपलोड किए जा रहे फोटो की जांच करें तथा यह सुनिश्चित करें कि संबंधित शिकायतों पर वास्तव में क्या कार्यवाही की गई है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) के अंतर्गत दादा महाराज से गोटेगांव होते हुए झांसीघाट तक तथा करेली से गाडरवारा होते हुए पनागर तक सड़क सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में एमपीआरडीसी के जनरल मैनेजर के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांधी चैक तथा सालीचैका-मनकवारा ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। साथ ही विभिन्न पुलों पर रेलिंग लगाने का कार्य प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बरमान में नेशनल हाईवे एवं लोक निर्माण विभाग की एप्रोच रोड पर आवश्यक बैरियर लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बरमान ब्रिज पर ड्रॉप बैरियर लगाए जाने का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा, ताकि यातायात का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

हीरापुर में जनसंवाद शिविर आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत चावरपाठा के ग्राम हीरापुर (ककरा) में जनसंवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण में जिले का प्रदेश में 11 वां स्थान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण की दिशा में नरसिंहपुर जिले ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सीएम हेल्पलाइन माह सितम्बर 2026 की जिला-वार ग्रेडिंग में नरसिंहपुर जिले ने 82.38 का कुल वेटेड स्कोर प्राप्त कर ए रेटिंग हासिल की है। द्वितीय समूह के जिलों में नरसिंहपुर को प्रदेश में 11 वां स्थान प्राप्त हुआ है। जिला-वार ग्रेडिंग के अनुसार कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में सितम्बर माह में नरसिंहपुर ने ए श्रेणी हासिल करते हुए शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण, लंबित शिकायतों में कमी, गुणवत्तापूर्ण समाधान तथा शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई के क्षेत्र में अपनी बेहतर स्थिति दर्ज कराई है। जिले का कुल वेटेड स्कोर 82.38 रहा।

युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई तथा जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोटेगांव में 23 अक्टूबर को होगा।

कौशल प्रशिक्षण व लूम वितरण के लिए आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। हथकरघा क्षेत्र में कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हथकरघा विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 में संचालित कौशल एवं तकनीकी विकास योजनांतर्गत जिले के पात्र युवाओं एवं युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

दहेज में 5 लाख रुपए मांगने का आरोप, एसपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र करेली निवासी विवाहिता ने पति, सास और जेठ पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। महिला ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत के अनुसार, उससे मायके से 5 लाख रुपए लाने का दबाव बनाया जा रहा था। महिला ने आवेदन में बताया कि उसका विवाह 30 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में अमित लोड़िया के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति अमित लोड़िया, सास उमा लोड़िया और जेठ योगेश लोड़िया दहेज में 5 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। महिला का कहना है कि जेठ की पुलिस में नौकरी लगने के बाद यह मांग और बढ़ गई। मांग पूरी नहीं होने पर उसे कथित तौर पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। करेली थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि मामले में शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चौक के बीच खड़ा बिजली का पोल, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शहर के व्यस्त मुशरान पार्क क्षेत्र के मुख्य चौक के बीचों-बीच खड़ा बिजली का पोल दुर्घटना की आशंका बढ़ा रहा है। सड़क के बीच स्थित इस पोल के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग से पोल को सड़क के बीच से हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। उनका कहना है कि व्यस्त चौक पर स्थित पोल के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई कर आवागमन को सुरक्षित बनाने की अपील की है।

पुल के आसपास कचरे के ढेर, सप्ताह में एक बार हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शहर में पुल के आसपास सफाई व्यवस्था प्रभावित होने से जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैलने के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से कचरे का उठाव नहीं कराया जा रहा है। उनके अनुसार, सप्ताह में केवल एक बार जेसीबी की मदद से कचरा हटाया जाता है। इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से नियमित सफाई और कचरे के समय पर उठाव की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को परेशानी से राहत मिल सके।

चाक - चौबंद व्यवस्था के बीच हुआ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। विसर्जन के दौरान संबंधित अधिकारी एवं पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। प्रशासन की सतर्कता, पुलिस की सक्रियता और नागरिकों के सहयोग से विसर्जन कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक तैयारियां की गई थीं। विसर्जन स्थलों, प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों एवं पुलिस जवानों की तैनाती कर भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान जिले के विभिन्न विसर्जन स्थलों पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी रही। अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं पर नजर रखी गई, वहीं पुलिस जवानों ने भीड़ को नियंत्रित करने, श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित बनाए रखने और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारु रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान संबंधित अमला सतर्क रहा और परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करता रहा। प्रशासन द्वारा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों, कमिश्नरों, आईजी एवं एसपी के साथ बैठक कर आगामी त्योहारों और मेलों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने तथा त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जनविश्वास अभियान की समीक्षा करते हुए सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली।

प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत समितियों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की कार्यक्षमता बढ़ाने और उनके कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विकासखंड करेली के निवारी सेक्टर अंतर्गत ग्राम कोसमखेड़ा में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, वार्ड विकास समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं नवांकुर सखियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक ने समितियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके दायित्वों, कार्यप्रणाली और गतिविधियों के प्रभावी संचालन के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने दस्तावेजीकरण, प्रतिवेदन तैयार करने, व्यय संबंधी प्रावधानों तथा अनुदान राशि का निर्धारित नियमों के अनुसार उपयोग करने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक बैठकों के नियमित आयोजन तथा उनमें लिए गए निर्णयों और कार्यवाही का विधिवत अभिलेखीकरण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में समितियों को पूर्व में जारी अनुदान राशि के व्यय विवरण की जानकारी दी गई।

नहीं रहे जयराम पांडेय



तेंदूखेड़ा। नगर के प्रतिष्ठित पांडेय परिवार के वरिष्ठ एवं मिलनसार सहज विनोदी स्वभाव के रिटायर्ड शिक्षक जयराम पांडेय का लंबी बीमारी के चलते दुखद निधन हो गया। जिन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।पांडेय जी पत्रकार सौरभ पाण्डेय के पूज्य पिता एवं शिक्षक सियाराम पांडे के बड़े भाई थे। वरिष्ठ सदस्य जगदीश पांडे राधा बल्लभ पांडे पत्रकार श्रीराम पांडे पुरुषोत्तम पांडे मनोहर

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तहत दी गई जानकारी

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत कैरियर जागरूकता एवं लक्ष्य निर्धारण गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों की रुचि योग्यता एवं क्षमता अनुरूप कैरियर विकल्पों की पहचान हेतु विद्यार्थियों से परिचर्चा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। व्यक्तित्व विकास गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों को आत्मविश्वास सकारात्मकता सोच अनुशासन एवं समय प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान किया गया। डिजीटल एवं एआई कौशल गतिविधि के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजंस डिजिटल साक्षरता तथा रोजगार में तकनीकी कौशल हेतु संचालित गतिविधि की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उच्च शिक्षा के पश्चात कैरियर विकल्प गतिविधि में विद्यार्थियों को स्नातक के अंतिम वर्ष के छात्रों की सूची तैयार कर उच्च शिक्षा विभाग को ई-मेल के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात प्रतियोगी परीक्षा एम पी पी एस सी यूपीएससी बैंकिंग एवं एसएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग एवं कक्षाओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन बचत निवेश क्रेडिट स्कोर तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वित्तीय एवं डिजिटल जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में धन का सही उपयोग करने भविष्य के लिए बचत करने तथा डिजिटल लेन देन के दौरान सावधानी बरतने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इंस्टाग्राम अकाउंट हैकिंग एवं सेक्सटॉर्शन सोशल मीडिया अकाउंट हैक करना निजी तस्वीरों या वीडियो के आधार पर धमकी देना तथा धन की मांग करना।

जगद्गुरु शंकराचार्य महाविद्यालय में 'लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप' का हुआ आयोजन

गोटेगांव। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाले के निर्देशन में आरटीओ विभाग, नरसिंहपुर द्वारा ग्राम श्रीनगर स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य कला, वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय में एक विशेष 'लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप' का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि परमहंसी गंगा आश्रम के व्यवस्थापक सुंदर पांडे तथा महाविद्यालय के प्राचार्य व राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS**) के जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक की अध्यक्षता में हुआ। अतिथियों द्वारा मां भगवती सरस्वती, पूज्यपाद ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज एवं पूज्यपाद द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।200 से अधिक छात्र-छात्राओं के बने लाइसेंसशिविर के दौरान आरटीओ विभाग की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन और टेस्ट की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस पहल के तहत 200 से अधिक विद्यार्थियों के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस मौके पर ही बनाए गए।यातायात नियमों का पालन व सुरक्षा पर जोर



मुख्य अतिथि सुंदर पांडे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, युवाओं को यातायात नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी से वाहन चलाना चाहिए। महाविद्यालय परिसर में ही लाइसेंस बनने से छात्र-छात्राओं को बिना किसी परेशानी के एक सराहनीय अवसर मिला है।प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक ने आरटीओ विभाग की इस पहल की सराहना की और कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के शिविरों से विद्यार्थियों में यातायात जागरूकता बढ़ती है।आरटीओ विभाग से नेतराम प्रजापति ने विद्यार्थियों को यातायात के विशेष नियमों की जानकारी दी और 'सारथी ऐप' के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस की ट्रेनिंग प्रदान की।आरटीओ एवं कॉलेज स्टाफ का रहा विशेष सहयोग कार्यक्रम के सफल संचालन में आरटीओ विभाग की टीम से नेतराम प्रजापति, राकेश नेमा, संजीव कोष्ठी, मकसूद खान, मनोज सेन एवं राजेश चौधरी का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय परिवार से क्रीड़ा अधिकारी प्रो. कमल पटेल, प्रो. विवेक जैन, डॉ. आशीष ठाकुर, प्रो. दिलीप द्विवेदी, प्रो. छत्रपाल पटेल, प्रो. एस.पी. डेहरिया, प्रो. भूपत सेन, प्रो. अंकिता नामदेव, प्रो. अर्चना सोनी, प्रो. अंकित नामदेव, प्रो. राजा दुबे, प्रो. इंद्रजीत धनोरिया, कार्यालय स्टाफ से सत्येंद्र तिवारी, चंदन विश्वकर्मा, कृष्ण शंकर तिवारी, भूपेश सेन, देव सिंह मेहरा, दिनेश कहार, संतोष ठाकुर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS**) के स्वयंसेवकों व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी प्रो. राहुल नेमा ने उपस्थित अतिथियों, आरटीओ अधिकारियों व कर्मचारियों तथा समस्त महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।



दशहरा पर्व पर बनाई सुंदर पेंटिंग

तेंदूखेड़ा। सुंदर पेंटिंग चित्रकला के लिए तथा त्यौहार विशेष पर त्वरित पेंटिंग बनाने में निपुण काव्या नगरिया ने इस वर्ष दशहरा पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की सुंदर पेंटिंग बनाई जिसे लोगों ने देखकर सराहा।शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की मधु कैटभ मर्दनी की पेंटिंग को ड्राइंग सीट पर उकेरा था।काव्या ने हाल ही में संकल्प अभियान के तहत लखपति दीदी की सुंदर पेंटिंग बनाई थी जिसे जिला स्तर पर फिर भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा सम्मानित किया गया है। इसके पूर्व में 22 जनवरी श्री राम मंदिर पर बहुत ही सुन्दर पेंटिंग के लिए काव्या ने क्षेत्र में सराहना बटोरी थी।

बगासपुर में गूंजे साईं भजन, भक्तिमय हुआ माहौल



गोटेगांव। तहसील के अंतर्गत ग्राम बगासपुर में नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया।भजन संध्या का आयोजन गांव के शाला मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 5 स्थित साईं भक्त राजेंद्र दुबे के निज निवास पर किया गया। संध्या 5:30 बजे से शुरू हुए भजनों में साईं बाबा के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।इस दौरान बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी एवं साईं भक्त उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया और उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया।समिति द्वारा बताया गया कि प्रत्येक मंगलवार को संध्याकालीन 5:30 से 6:30 बजे तक इसी स्थान पर नियमित रूप से साईं भजन संध्या का आयोजन किया जाता रहेगा।

माता विसर्जन पर खरया परिवार का सेवा भाव, सुबह 10 से रात 10 बजे तक भंडारे का आयोजन







गोटेगांव। माँ भगवती की प्रतिमा विसर्जन के पावन अवसर पर नगर के सराफा बाजार में खरया परिवार द्वारा प्रतिवर्ष सेवा और समर्पण भाव से भंडारे का आयोजन किया जाता है। सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले इस भंडारे में परिवार के सदस्य एवं मातृशक्ति पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव से सेवा कार्य में जुटे रहते हैं।माता रानी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों एवं विसर्जन चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर खरया परिवार सेवा, सहयोग और समर्पण की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करता है। परिवार के सदस्यों का यह सेवाभावी प्रयास धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव और मानव सेवा की भावना को भी सशक्त बनाता है।खरया परिवार की इस सराहनीय पहल की नगर में प्रशंसा होती है। माँ भगवती के प्रति अटूट श्रद्धा और श्रद्धालुओं की सेवा का यह भाव समाज को परोपकार, सहयोग और समर्पण का प्रेरणादायी संदेश देता है।जय माता दी!

पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने किए दुर्गा पंडालों के दर्शन



क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

गोटेगांव। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर गोटेगांव विधानसभा के पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने अपने मित्र मंडल और वरिष्ठ सहयोगियों के साथ नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विधि विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की।भ्रमण के दौरान पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने नगर के मुख्य मार्गों एवं वार्डों में स्थापित प्रमुख दुर्गा उत्सव समितियों के पंडालों में पहुंचकर माता रानी की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया। उन्होंने पंडाल आयोजकों व कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनके भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजनों की सराहना की।पंडाल दर्शन के साथ-साथ पूर्व विधायक ने नगर के नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से आत्मीय मेल-मुलाकात की और सभी को नवरात्रि व दशहरा पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों एवं समिति सदस्यों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य नागरिक, मित्र मंडल के सदस्य एवं बड़ी संख्या में समर्थक व स्थानीय जन उपस्थित रहे।